moneywise. be wise.

# दैनिक कमोडिटी रिपोर्ट (मेटल एवं एनर्जी) 21 मार्च 2024

## अतंराष्ट्रीय बाजार

### COMEX/NYMEX/ICE (कीमती धातुएं एवं एनर्जी )

| कमोडिटी | कॉन्ट्रैक्ट | एक्सपायरी | बंद भाव |
|---|---|---|---|
| चांदी | मई | 29-05-24 | 25.10 |
| सोना | अप्रैल | 26-04-24 | 2161.00 |
| कच्चा तेल | मई | 22-04-24 | 81.27 |
| ब्रेंट कच्चा तेल | मई | 28-03-24 | 85.95 |
| नेचुरल गैस | अप्रैल | 26-03-24 | 1.69 |

### करेंसी / कमोडिटी इंडेक्स

| करेंसी | वर्तमान भाव |
|---|---|
| अमेरिकी डॉलर/भारतीय रूपया' | 83.05 |
| डॉलर इंडेक्स | 103.19 |
| यूरो/अमेरिकी डॉलर | 1.09 |
| सीआरबी इंडेक्स | 330.12 |

### LME (बेस मेटल्स) (डॉलर/टन)

| कमोडिटी | | बंद भाव |
|---|---|---|
| तांबा | नकद | 8928.00 |
| एल्युमिनियम | नकद | 2273.00 |
| जिंक | नकद | 2508.50 |
| लेड | नकद | 2064.00 |
| निकल | नकद | 17492.00 |

### SHFE (बेस मेटल्स) (युवॉन/टन)

| कमोडिटी | माह | बंद भाव |
|---|---|---|
| तांबा | 15 अप्रैल 24 | 72540.00 |
| एल्युमिनियम | 15 अप्रैल 24 | 19250.00 |
| जिंक | 15 अप्रैल 24 | 21160.00 |
| लेड | 15 अप्रैल 24 | 16260.00 |

## घरेलू बाजार

### MCX

| कमोडिटी | एक्सपायरी | बंद भाव | ट्रेंड** | ट्रेंड बदलाव की तिथि | ट्रेंड में बदलाव की दर | क्लोजिंग स्टॉप लॉस |
|---|---|---|---|---|---|---|
| बुलडेक्स | 26-03-24 | 16779.00 | तेजी | 04.03.24 | 16461.00 | 16650.00 |
| चांदी | 03-05-24 | 75313.00 | तेजी | 04.03.24 | 73467.00 | 74000.00 |
| सोना | 05-04-24 | 65750.00 | तेजी | 04.03.24 | 64462.00 | 65000.00 |
| कच्चा तेल | 19-04-24 | 6748.00 | तेजी | 19.01.24 | 6152.00 | 6550.00 |
| नेचुरल गैस | 25-03-24 | 141.90 | मंदी | 15.03.24 | 138.30 | 147.00 |

| कमोडिटी | एक्सपायरी | बंद भाव | ट्रेंड** | ट्रेंड बदलाव की तिथि | ट्रेंड में बदलाव की दर | क्लोजिंग स्टॉप लॉस |
|---|---|---|---|---|---|---|
| तांबा | 28-03-24 | 753.60 | तेजी | 11.03.24 | 736.70 | 755.00 |
| एल्युमिनियम | 28-03-24 | 204.05 | तेजी | 11.03.24 | 203.20 | 201.00 |
| जिंक | 28-03-24 | 218.70 | तेजी | 06.03.24 | 218.60 | 215.00 |
| लेड | 28-03-24 | 177.55 | साइडवेज | 05.12.23 | 182.85 | - |
| मेटलडेक्स | 19-04-24 | 15470.00 | तेजी | 15.03.24 | 15565.00 | 15300.00 |
| स्टील लांग | 19-04-24 | 41670.00 | तेजी | 15.03.24 | 42450.00 | 42000.00 |

**यह इंट्रा-डे कारोबार के लिए नहीं है। रूझानों का विश्लेषण बंद भाव के आधार पर करना चाहिए ।

**20.03.2024 को सभी बंद भाव**

## सर्राफा आउटलुक

सोने की कीमतों को 65500 पर सपोर्ट और 65900 पर रेजिस्टेंस रह सकता है। चांदी की कीमतों को 75700 के स्तर पर रेजिस्टेंस के साथ 75000 रू पर सपोर्ट रह सकता है । कीमतों में तेजी का रूझान रह सकता है । अमेरिकी फेडरल रिजर्व द्वारा व्यापक रूप से अपेक्षित कदम के तहत ब्याज दरों में कोई बदलाव नहीं करने और इस साल दरों में तीन कटौती की राह पर बने रहने के बाद आज सोने की कीमतें रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंच गई। फेड चेयरमैन जेरोम पॉवेल ने बुधवार को कहा कि हाल ही में उच्च मुद्रास्फीति ने अमेरिका में कीमतों के दबाव को धीरे-धीरे कम करने की अंतर्निहित कहानी को नहीं बदला है। डॉलर अपने प्रतिद्वंद्वियों के मुकाबले एक सप्ताह के निचले स्तर पर फिसल गया है, जबकि बेंचमार्क अमेरिकी 10-वर्षीय ट्रेजरी यील्ड में भी गिरावट हुई है। सीएमई फेडवॉच टूल के अनुसार, व्यापारी वर्तमान में जून में फेड द्वारा दर में कटौती की लगभग 75% संभावना जता रहे हैं, जबकि मंगलवार को यह 59% थी। दुनिया में सोने के सबसे बड़े एक्सचेंज-ट्रेडेड फंड, एसपीडीआर गोल्ड ट्रस्ट ने कहा कि उसकी होल्डिंग्स होल्डिंग्स मंगलवार के 837.35 टन से बुधवार को 0.14% बढ़कर 838.50 टन हो गई।

## बेस मेटल आउटलुक

बेस मेटल की कीमतें मिले-जुले रूझान के साथ साइडवेज कारोबार कर सकती है । तांबे की कीमतें 749-757 के दायरे में कारोबार कर सकती है। निवेशकों की नजर इस साल अमेरिकी केंद्रीय बैंक द्वारा ब्याज दरों में कटौती पर टिके रहने के कारण उत्साहित संेटीमेंट के बीच आज बेस मेटल की कीमतें आज बढत के साथ कारोबार कर रही हैं। इससे औद्योगिक धातुओं के लिए मांग का अनुमान बेहतर हुआ। चीन का औद्योगिक उत्पादन जनवरी और फरवरी में 7% बढ़ा, जो लगभग दो वर्षों में सबसे तेज गति है। पेरू के खनन और ऊर्जा मंत्रालय के अनुसार पेरू में तांबे का उत्पादन, दुनिया में तांबें का नंबर 2 उत्पादक, जनवरी में पिछले साल के इसी महीने से 1.2% घटकर लगभग 205,375 मीट्रिक टन रह गया। जिंक में मिला-जुला रूझान रह सकता है और कीमतों को 217 पर सपोर्ट और 220 पर रेजिस्टेंस रह सकता है। लेड की कीमतें 177-179 के दायरे में साइडवेज कारोबार कर सकती है। लंदन मेटल एक्सचेंज में पंजीकृत गोदामों में लेड का भंडार 34% बढ़कर 11 वर्षों में उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। एल्युमीनियम की कीमतें 203-206 के दायरे में साइडवेज कारोबार कर सकती है। मारुबेनी कॉर्प ने कहा कि फरवरी के अंत तक तीन प्रमुख जापानी बंदरगाहों पर एल्युमीनियम का स्टॉक 0.6% गिरकर 330,900 मीट्रिक टन हो गया, जो पिछले महीने 332,900 टन था।

## एनर्जी आउटलुक

कच्चे तेल की कीमतें तेजी के रूझान के साथ कारोबार कर सकती है और कीमतों के 6700-6810 के दायरे में कारोबार करने की संभावना है। पिछले सत्र में गिरावट के बाद आज तेल की कीमतों में तेजी देखी जा रही है क्योंकि अमेरिकी फेडरल रिजर्व द्वारा भविष्य में ईंधन की मांग के दृष्टिकोण को कम करने के संकेतों के बाद अमेरिकी कच्चे तेल और गैसोलीन इन्वेंट्री में गिरावट से बाजार को समर्थन मिला। अमेरिकी ऊर्जा सूचना प्रशासन (ईआईए) ने बुधवार को बताया कि दुनिया के सबसे बड़े तेल उपभोक्ता अमेरिका में कच्चे तेल के भंडार में लगातार दूसरे सप्ताह गिरावट आई है। 15 मार्च को समाप्त सप्ताह में भंडार अप्रत्याशित रूप से 2 मिलियन बैरल घटकर 445 मिलियन बैरल रह गया, जबकि रॉयटर्स पोल में विश्लेषकों ने 13,000 बैरल की बढ़ोतरी की उम्मीद जताई थी। तेल रिफाइनरी के उत्पादन में प्रतिदिन 127,000 बैरल तक बढ़ी और उपयोग दर में वृद्धि हुई। इस साल दर में कटौती पर अमेरिकी फेड नीति निर्माताओं के मिश्रित दृष्टिकोण के बाद कीमतों पर असर पड़ने के बाद भंडार में कमी ने बाजार को कुछ समर्थन दिया। नेचुरल गैस की कीमतें 140-146 के दायरे में कारोबार कर सकती हैं।

## प्रमुख आर्थिक आंकड़ें

| भारतीय समयानुसार | आर्थिक आंकड़ें | महत्व | संभावित | पिछला | प्रभावित कमोडिटी | प्रभाव |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 18:00 | अमेरिकी फिलाडेल्फिया फेड मैनुफैक्चरिंग इंडेक्स(मार्च) | अधिक | -2.3 | 5.2 | मेटल एवं एनर्जी | अनुकूल |
| 18:00 | अमेरिकी प्रारंभिक बेरोजगारी के दावे | अधिक | 215K | 209K | मेटल एवं एनर्जी | अनुकूल |
| 19:15 | अमेरिकी मैनुफैक्चरिंग पीएमआई(मार्च) | अधिक | 51.7 | 52.2 | मेटल एवं एनर्जी | अनुकूल |
| 19:15 | अमेरिकी सर्विस पीएमआई(मार्च) | अधिक | 52.0 | 52.3 | मेटल एवं एनर्जी | अनुकूल |
| 19:30 | अमेरिकी मौजूदा होम सेल्स(फरवरी) | अधिक | 3.94M | 4.00M | मेटल एवं एनर्जी | अनुकूल |
| 20:00 | ईआईए नेचुरल गैस का भंडार | अधिक | 5B | -9B | नेचुरल गैस | प्रतिकूल |

आप इस रिपोर्ट को हमारी वेबसाइट पर भी देख सकते हैं- www.smctradeonline.com

smc
moneywise. be wise.

**Corporate Office:**
11/6B, Shanti Chamber,
Pusa Road, New Delhi - 110005
Tel: +91-11-30111000
www.smcindiaonline.com

**Mumbai Office:**
Lotus Corporate Park, A Wing 401 / 402 , 4th Floor ,
Graham Firth Steel Compound, Off Western
Express Highway, Jay Coach Signal, Goreagon
(East) Mumbai - 400063
Tel: 91-22-67341600, Fax: 91-22-67341697

**Kolkata Office:**
18, Rabindra Sarani, Poddar Court, Gate No-4,
5th Floor, Kolkata-700001
Tel.: 033 6612 7000/033 4058 7000
Fax: 033 6612 7004/033 4058 7004

प्रतिभूति बाजार में निवेश बाजार के जोखिमों के अधीन है। निवेश करने से पहले सभी संबंधित दस्तावेजों को ध्यान से पढ़ लें। सेबी द्वारा दिया गया पंजीकरण और एनआईएसएम से प्रमाणन किसी भी तरह से मध्यस्थ के प्रदर्शन की गारंटी नहीं देता है या निवेशकों को रिटर्न का कोई आश्वासन नहीं देता है। उद्धृत प्रतिभूतियां केवल उदाहरण के लिए हैं और अनुशंसात्मक नहीं हैं। एसएमसी सेबी द्वारा पंजीकृत एक अनुसंधान विश्लेषक है जिसका पंजीकरण संख्या आईएनएच 100001849 है। सीआईएन: L74899DL1994PLC063609 है।

एसएमसी ग्लोबल सिक्योरिटीज लिमिटेड (जिसे एसएमसी कहा जाता है) का नियमन भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड द्वारा किया जाता है और इसे ब्रोकिंग व्यवसाय, डिपॉजिटरी सेवायें और संबंधित सेवायें करने का लाइसेंस प्राप्त है। एसएमसी ग्लोबल सिक्योरिटीज लिमिटेड नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड, बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज लिमिटेड, एमएसईआई(मेट्रोपॉलिटन स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड) का रजिस्टर्ड सदस्य है और एम/एस एसएमसी कॉमट्रेड नेशनल कमोडिटी एवं डेरिवेटिव्स एक्सचेंज लिमिटेड और मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज ऑफ इंडिया और भारत के अन्य कमोडिटी एक्सचेंजों का रजिस्टर्ड सदस्य है। इसकी सहयोगी एमसीएक्स स्टॉक एक्सचेंज लिमिटेड की सदस्य हैं। एसएमसी सीडीएसएल(CDSL) और एनएसडीएल(NSDL)के साथ डिपॉजिटरी भागीदार के रूप में भी रजिस्टर्ड है। एसएमसी के अन्य एसोसिएट सेबी और भारतीय रिजर्व बैंक के साथ मर्चेंट बैंकर, पोर्टफोलियो मैनेजर के रूप में रजिस्टर्ड है। यह म्यूचुअल फंड डिस्ट्रीब्यूटर के रूप में एएमएफआई(AMFI) में भी रजिस्टर्ड है।

एसएमसी ग्लोबल सिक्योरिटीज लिमिटेड सेबी (रिसर्च एनॉलिस्ट)रेगुलेशन 2014 के तहत रिसर्च एनॉलिस्ट के लिए रजिस्ट्रेशन संख्या INH100001849 के साथ रजिस्टर्ड संस्था है। एसएमसी ग्लोबल सिक्योरिटीज लिमिटेड या इसके सहयोगियों को सेबी द्वारा अन्य किसी रेगुलेटरी एथॉरिटी द्वारा सिक्योरिटीज मार्केट/कमोडिटी मार्केट में कारोबार के लिए प्रतिबंधित/निलंबित नही किया गया है। रिपोर्ट में रिसर्च एनॉलिस्टों द्वारा व्यक्त की गई राय केवल सार्वजनिक रूप से प्राप्त सूचनाओं/इंटरनेट आंकड़ों/अन्य विश्वसनीय स्रोतों, जिन्हे सत्य माना जाना जाता है, पर आधारित है। एसएमसी रिपोर्ट में व्यक्त राय या सामग्री की शुद्धता को लेकर कोई आश्वासन नही देता है और निवेशकों को सलाह दी जाती है कि निवेश के लिए कोई भी निर्णय करने से पहले बाजार की परिस्थितियों/जोखिमों का स्वतंत्र रूप से मूल्यांकन करें। रिसर्च एनॉलिस्ट, जिन्होने इस रिपोर्ट को तैयार किया है, एतद् द्वारा प्रमाणित किया जाता है कि इस रिपोर्ट में विशेष कमोडिटी के संदर्भ में व्यक्त किया गया विचार/राय उनके निजी स्वतंत्र विचार/राय है।

**डिसक्लेमर:** यह रिसर्च रिपोर्ट अधिकृत प्राप्तकर्त्ता की व्यक्तिगत सूचना के लिए है और इसका निवेशक के किसी निवेश, विधिक एवं कर संबंधी परामर्श से संबंध नही हैं। यह केवल प्राइवेट सर्कुलेशन एवं उपयोग के लिए है। यह रिपोर्ट विश्वस्त सूचनाओं पर आधारित है लेकिन यह पूरी तरह सही और पूर्ण है, ऐसा जरूरी नही और इस पर पूरी तरह भरोसा नही किया जाना चाहिए। रिपोर्ट के कन्टेन्ट के आधार पर कोई कार्य नही किया जा सकता है। इस रिपोर्ट को एसएमसी से लिखित आज्ञा के बिना किसी भी रूप में नकल एवं किसी भी अन्य व्यक्ति को पुन: वितरण नही किया जाना चाहिए। इस सामग्री का कन्टेन्ट सामान्य है और यह न तो पूरी तरह से व्यापक है और न विस्तृत है। इस रिपोर्ट के आधार पर उठाये गये किसी कदम से होने वाली क्षति या नुकसान के लिए न तो एसएमसी और न इसका कोई संबंधी, सहायक, प्रतिनिधि, डॉयरेक्टर या कर्मचारी को उत्तरदायी ठहराया जाना चाहिए। यह कोई व्यक्तिगत अनुमोदन नही करता या किसी खास निवेश उद्देश्य, वितीय स्थिति या किसी व्यक्तिगत ग्राहक या कॉरपोरेट या सत्ता की जरूरतों को लेकर नही चलता है। सभी निवेश जोखिमपूर्ण होते है एवं पिछला प्रदर्शन भविष्य के किसी प्रदर्शन की गारन्टी नही देता है। निवेश की वैल्यू और उससे प्राप्त आमदनी एक निश्चित समय में उपलब्ध कुछ बड़े एवं सूक्ष्म कारकों के बदलाव पर निर्भर कर सकती है। निवेश का निर्णय लेते समय किसी भी व्यक्ति को अपने विवेक का इस्तेमाल करना चाहिए।

कृपया ध्यान रखें कि हम या हमारा कोई अधिकारी, सहायक, प्रतिनिधि, डॉयरेक्टर या कर्मचारी, जो भी इस रिपोर्ट को बनाने या भेजने में शामिल है उसकी (अ)समय-समय पर किसी भी कमोडिटीज में, जिनका इस रिपोर्ट में जिक्र किया गया है, खरीद या बिक्री, कोई भी पोजिशन हो सकती है और वह इस कमोडिटीज को खरीद या बिक्री कर सकता है या (ब) साथ ही साथ वह इन कमोडिटीज के किसी भी प्रकार के सौदों में और ब्रोकरेज या अन्य प्रकार के प्रतिकर में अथवा बाजार निर्माण में शामिल हो सकता है, (स) इस रिपोर्ट में दिए गये सुझावों और संबंधित सूचनाओं एवं विचारों के संदर्भ में इनका अपना कोई भी निहित स्वार्थ या विवाद हो सकता है। सभी विवादों का निपटारा अंतिम रूप से दिल्ली उच्च न्यायालय के न्यायाधीन होगा।